हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, गुरुवार, 6 जून 2024

तापमान
अधिकतम 42.2 डिग्री
न्यूनतम 31.0 डिग्री

11 सिंगल यूज प्लास्टिक को यूज न कर पर्यावरण संरक्षण में प्रहरी की भूमिका निभाएं जिलावासी



12 चौबीस दिन बाद फिर आया डेंगू का केस, टीमों ने दो माह में पौने दो लाख मकान किए सर्च



## नगर परिषद की ओर से नहीं उठाए जा रहे ठोस कदम, खानापूर्ति करके लौट जाते अधिकारी व कर्मचारी

# दुकानें खुलने पर एक घंटे में बदल जाती बाजार की सूरत, अतिक्रमण से सिमट जाती हैं सड़कें

हेमंत शर्मा ▸▸। रेवाड़ी

शहर में सरकुलर रोड से लेकर सभी बाजार पूरी तरह अतिक्रमण की गिरफ्त में है। नगर परिषद की ओर अतिक्रमण हटाने के नाम बार-बार खानापूति ही की गई है। वर्तमान में सरकुलर रोड सहित सभी बाजार पूरी तरह अतिक्रमण की गिरफ्त में आ चुके है। सुबह 8 बजे के समय जहां बाजार की सभी सड़क पूरी तरह खुली व चौड़ी नजर आती है वहीं दुकानें खुलने पर एक घंटे में बाजार पूरी तरह अतिक्रमण की गिरफ्त में आ जाता है। बाजार की चौड़ी सड़क संकुचित गलियों के रूप में सिमट कर रह जाती है। दुकानदारों की ओर से भारी मात्रा में सामान सड़क पर रख दिया जाता है, जिससे कई बार दो से तीन चौपहियां वाहनों के बाजार में आ जाने से दोपहियां वाहनों का निकलना भी मुश्किल हो जाता है। नगर परिषद के अधिकारी व कर्मचारी शहर का जायजा लेकर कुछ सामान जब्त करके व चालान काटकर सुस्त पड़ जाते है। यहां तक कि टीम के कार्यालय से निकलते ही अतिक्रमणकारियों तक सूचना भी पहुंच जाती है। टीम के जाने के बाद बाजार फिर से अतिक्रमण युक्त हो जाता है।







रेवाड़ी। सुबह 8 बजे गोकल बाजार में नजर आ रही चौड़ी सड़क, सुबह 8 बजे रेलवे रोड बाजार की चौड़ी सड़क, दुकानें खुलने के बाद गोकल बाजार की सड़क। फोटो :हरिभूमि

### शहर में चारों ओर अतिक्रमण का बोलबाला

सरकुलर रोड पर बस स्टैंड के बाहर, अंबेडकर चौक, धारूहेड़ा चुंगी, नाईवाली चौक, रेलवे रोड, कानोड गेट, झज्जर चौक व ट्रामा सेंटर के पास जगह-जगह अतिक्रमण है। बाजारों में नगर परिषद कार्यालय से लेकर भाड़ावास गेट, पुरानी सब्जीमंडी, मोती चौक, गोकलगेट बाजार, काठमंडी, रेलवे रोड बाजार, बजाजा बाजार, गुड़ बाजार, पंजाबी मार्केट, पुरानी अनाजमंडी व केवल बाजार पूरी तरह अतिक्रमण व्याप्त है। रेलवे रोड पर गोकल गेट पुलिस चौकी के पास सबसे ज्यादा स्थिति खराब हो गई है। यहां पर दुकानदारों ने पूरी सड़क को रोका हुआ है। इसके अलावा बाजार में आने वाले लोग भी यही सड़क पर वाहन खड़ा करके चले जाते है।

### रेहड़ी वाले फैला रहे अव्यवस्था

बाजार में दुकानों के आगे दुकानदारों ने पहले ही सामान रखकर अतिक्रमणि किया हुआ है। इसके बाद सामान के आगे टू-व्हीलर खडे कर दिए जाते है, जिससे बाजार में जाम की स्थिति बन जाती है। जाम लगने से बाजार से पैदल भी निकलना भी मुश्किल हो रहा है। दुकानदारों के साथ रेहड़ी वाले भी अपने मनमर्जी की जगह रेहड़ी खड़ी करके अव्यवस्था फैला रहे है। बाजार के काफी दुकानदार तो अपनी दुकानों के आगे ही रेहड़ी व फड़ी लगवाकर किराया वसूलते है।

### बैठक तक ही सीमित रह जाते आदेश

शहर के सरकुलर रोड व सभी बाजार में लंबे समय से व्याप्त अतिक्रमण पूरी तरह नासूर बन चुका है। प्रशासन की ओर से भी इस समस्या का समाधान करने में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे है। प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से बैठक में नगर परिषद को अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए जाते है, लेकिन यह आदेश बैठक तक ही सीमित रह जाते है। सरकुलर रोड व बाजार में फुटपाथों पर रखा सामान, खड़ी रेहड़ियां व सड़क पर वाहनों की अवैध पार्किंग ने शहर की व्यवस्था बिगाड़ कर रख दी है।





रेवाड़ी। दुकाने खुलने पर रेलवे रोड के हालात। फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### रेल विभाग के कर्मचारी की बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** रेलवे स्टेशन के टावर के पास खड़ी एक रेल विभाग के कर्मचारी की बाइक चोरी हो गई। जीआरपी को दर्ज शिकायत में एसएस के अधीनस्थ कर्मचारी राजपाल ने बताया कि वह बाइक से स्टेशन पर ड्यूटी करने के लिए आया था। उसने अपनी बाइक स्टेशन के टावर के पास खड़ी की थी। सुबह वह ड्यूटी ऑफ होने के बाद घर जाने लगा तो उसे बाइक नहीं मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। जीआरपी ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### दीवार तोड़ने के आरोप में ट्रक चालक नामजद

**धारूहेड़ा।** रसगण के पास टक्कर मारकर चारदीवारी गिराने के आरोप में पुलिस ने एक ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। किनू के बाग की देखरेख करने वाले जोनावास निवासी रामेश्वर दयाल ने बताया कि एक ट्रक ने बाग की चारदीवारी को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे चारदीवारी का काफी नुकसान हो गया। पहले अपनी समझौता होने के बाद ट्रक मालिक मुकर गया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी।

### दो गांवों में लगे बिजली ट्रांसफार्मर चोरी

**धारूहेड़ा।** क्षेत्र के दो गांवों में लगे बिजली ट्रांसफार्मर जमीन पर गिराकर चोर उनके क्वाइलें और रॉड चोरी कर ले गए। निगम के एसडीओ ने पुलिस शिकायत में बताया कि चोर सुनारिया में 25 केवीए क्षमता का बिजली ट्रांसफार्मर गिराकर क्वाइलें और रॉड के साथ-साथ तेल भी चोरी कर ले गए। चोरों ने रोजका गांव में लगे एक 25 केवीए के ट्रांसफार्मर से भी आयल, रॉड व क्वाइलें चोरी कर लीं। इससे निगम को करीब 1.5 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने बिजली अधिनियम के तहत दोनों केस दर्ज कर लिए।

### महिला से मारपीट के आरोप में नामजद

**कुंड।** मामड़िया आसमपुर में एक वृद्ध महिला के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने दंपति के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में 60 वर्षीय रमेश देवी ने बताया कि वह अपने प्लॉट में भैंस बांधने के लिए गई थी। इसी दौरान पड़ोसी जितेंद्र ने उसके साथ गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। मना करने पर उसकी पत्नी सुमन ने आकर उसे पीटना शुरू कर दिया। उसके पति ने मौके पर आकर उसका बचाव किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### माजरा श्योराज में ताला तोड़कर सामान चोरी

**रेवाड़ी।** माजरा श्योराज में चोर एक प्लाट के गेट का ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में दीपक कुमार ने बताया कि उसका घर के पास ही प्लॉट है। जब वह अपने प्लॉट में गया तो गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो प्लॉट में लगी पानी की मोटर, एक टैबल फैन और हुक्का गायब मिले। उसने आसपास के लोगों से पता किया, लेकिन चोरों का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### आकेड़ा गांव से घर से युवक हुआ लापता

**धारूहेड़ा।** आकेड़ा गांव से करीब 32 वर्षीय युवक अचानक घर से लापता हो गया। पुलिस को दर्ज शिकायत में ललित ने बताया कि उसका भाई बिजेंद्र आईएमडी मानेसर में नौकरी करता है। वह शादीशुदा है तथा एक बच्चे का बाप है। सोमवार की रात को वह अचानक घर से लापता हो गया। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका।

## एक दशक से फरार लूट का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो :हरिभूमि

- तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रेवाड़ी

लूट के मामले में लगभग एक दशक से फरार चल रहे आरोपी को सीआईए धारूहेड़ा ने काबू करने में सफलता हासिल की है। इस मामले के तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था।

अजमेर के गांव उनूतिया निवासी जाकिर हुसैन ने अपनी शिकायत में बताया था कि वह अपने दो साथी गुड्डू व शाहरुख के साथ गाड़ी में पशु भरकर नसीराबाद से दिल्ली गाजीपुर मंडी में बेचने के लिए गया था। गाड़ी खाली करने के बाद वह 38.67 लाख रुपए लेकर अपने गुड्डू व शाहरुख के साथ दिल्ली से नसीराबाद के लिए रवाना हुआ था। 16 मई 2014 को सुबह 3 बजे के करीब जब वह कापड़ीवास पहुंचे तो कुछ लोगों ने उन्हें हथियार के बल पर बंधक बना लिया। उनकी नकदी व मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। 18 मई 2014 को दर्ज किए गए मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों इस्लाम खान, अलताफ व नौमान उर्फ नम्मा उर्फ इनामुल हसन को गिरफ्तार करते हुए लूट की राशि व देसी कट्टा बरामद किया था। सीआईए ने मामले के चौथे आरोपी पलवल के उटावड़ निवासी जमशेद उर्फ लाडो को अब गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। जो इस मामले में पुलिस ने मंगलवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी जमशेद उर्फ लाडो को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### आरोपी पर लूट का एक और केस दर्ज

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जमशेद के खिलाफ वर्ष 2014 में ही धारूहेड़ा थाने में कंटेनर चालक को बंधक बनाकर लॉजिस्टिक का सामान लूटने का केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू की थी, लेकिन वह दस साल से पुलिस को चकमा दे रहा था।

## तापमान में गिरावट से भी राहत नहीं

- मौसम में लगातार देखने को मिलेगा परिवर्तन, आज फिर बादलों के बीच बूंदाबांदी की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रेवाड़ी

मौसम का मिजाज बार-बार बदल रहा है। कभी आसमान साफ होने के बाद तेज धूप खिलती है, तो कभी बादल छाने से गर्मी का असर कम होता है। तापमान में गिरावट आने के बावजूद उमस भरी गर्मी लोगों को जमकर परेशान कर रही है। मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह बार-बार बादल छाने का क्रम चलता रहेगा, लेकिन भारी गर्मी से अभी निजात की उम्मीद नहीं है। वीरवार को भी आसमान में बादल छाने के बाद तेज हवाओं के साथ बौछारें गिरने की संभावना जताई जा रही है।

बुधवार को सुबह से ही मौसम साफ बना रहा। तेज धूप ने सुबह 9 बजे से ही गर्म हवाओं का प्रकोप शुरू कर दिया। दोपहर बाद तक गर्मी लोगों के पसीने छुड़ाती रही। बुधवार को अधिकतम तापमान 2.8 डिग्री सेल्सियस गिरकर 42.2 डिग्री पर आ गया। रात का तापमान 2 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 31 डिग्री पर पहुंच गया। अधिकतम तापमान में गिरावट के बावजूद गर्मी का असर कम नहीं हुआ। सुबह से ही मौसम साफ रहने के बाद शाम के समय आसमान में घने बादल छाने से बरसात की संभावनाएं बनने लगीं, परंतु बाद में बादल साफ हो गए।

हवा में नमी का स्तर 30 फीसदी तक होने के कारण उमस भरी गर्मी इस कदर परेशान कर रही है कि कूलर की हवा भी बेअसर साबित होने लगती है। लोग चिपचिपी गर्मी के कारण लोगों का जीना मुश्किल बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन-चार दिन तक मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। इस बीच 6 जून को आसमान में घने बादलों के बीच बूंदाबांदी भी हो सकती है। इस दौरान तापमान में भी उतार-चढ़ाव बना रहेगा। भारी गर्मी के कारण दोपहर के समय चहल-पहल नजर नहीं आती। लोग अपने घरों में ही रहने को मजबूर हैं।

### हवा में नमी बढ़ने से उमस ने किया परेशान



रेवाड़ी। एक किसान के खेत में खड़ी कपास की फसल। फोटो :हरिभूमि

### बरसात का इंतजार कर रहे किसान

खरीफ की प्रमुख फसल बाजरे की बिजाई का समय आ रहा है। बड़ी संख्या में किसान कपास की बिजाई कर चुके हैं। इस समय किसानों को बरसात का बेसब्री से इंतजार है। बीते वर्ष मई माह के अंत में अच्छी बारिश हो गई थी, जिससे किसानों ने बाजरे की अगेती बिजाई की थी। इस बार भी किसान बाजरे की बिजाई के लिए बरसात का इंतजार करने लगे हैं। अगर प्री-मानसून बरसात होती है, तो इससे कपास की फसल को भी काफी फायदा होगा। बरसात के साथ ही किसान बाजरे की बिजाई शुरू कर देंगे।

## इनोवा कार में लिफ्ट देकर लूटपाट एटीएम छीनकर खाते से निकाला कैश

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रेवाड़ी

धारूहेड़ा फ्लाईओवर पर जयपुर जाने के लिए इनोवा गाड़ी में लिफ्ट लेना एक युवक को महंगा पड़ गया। गाड़ी में सवार लोगों ने उसका मोबाइल फोन व एटीएम कार्ड छीन लिए। पिन नंबर पूछने के बाद उसके खाते से 45 हजार रुपये निकलवा लिए। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।





राजस्थान के सुंदारिया दातारामगढ़ निवासी सुवालाल मुवाल टपूकड़ा में एक कंपनी में नौकरी करता है। उसे किसी काम से अपने गांव जाना पड़ गया। जयपुर जाने के लिए वह धारूहेड़ा फ्लाईओवर पर वाहन का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान एक सफेद रंग की इनोवा कार वहां आकर रुक गई। जयपुर जाने की बात करते हुए उसमें सवार दो युवकों ने उसे बैठा लिया। गाड़ी में बैठने के बाद वह मोबाइल फोन देख रहा था। इसी दौरान एक युवक ने उसके हाथ से फोन छीन लिया। जान से मारने की धमकी देकर दोनों ने उसके डेबिट और क्रेडिट कार्ड छीन लिए। उसे धमकाकर एटीएम का पिन नंबर पूछ लिया। बाद में दोनों उसे सड़क किनारे उतारकर फरार हो गए। वह किसी तरह पैदल टैंपो स्टैंड पर पहुंचा। वहां से बैंक जाकर उसने अपने दोनों कार्ड बंद करा दिए, लेकिन तब तक आरोपी उसके खाते से 45 हजार रुपये निकाल चुके थे।

## युवक पर बोतल से हमला पांच के खिलाफ केस दर्ज

- जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▸▸। बावल

दुलहेड़ा खुर्द के एक युवक का रास्ता रोककर कांच की बोतल से हमला करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अस्पताल में उपचाराधीन रोहित ने बताया कि वह शैलून पर बाल काटने का काम करता है। वह घर से अपने प्लॉट की ओर जा रहा था। रास्ते में झाबुआ निवासी दिनेश, राकेश, विपुल, मुकुल व विवेक ने उसे पकड़ लिया। उसके पेट में कांच की बोतल तोड़कर वार करने के बाद लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। परिजनों ने पता चलने के बाद उसे बावल सीएचसी पहुंचाया, जहां से उसे रेवाड़ी के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने उसके बयान पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

पौधरोपण | माउंट हैरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में छायादार पौधे लगाए

## स्कूल में पौधे लगाकर ली संरक्षण की जिम्मेदारी

- एक बड़ा वृक्ष 10 एसी से ज्यादा ठंडक करता है

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रेवाड़ी

विश्व पर्यावरण दिवस पर दिल्ली रोड स्थित माउंट हैरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में छायादार पौधे लगाए गए। इस मौके पर स्कूल चेयरमैन प्रवीन गोयल ने पेड़ों के महत्व के बारे में अवगत कराया और एक हरे-भरे भविष्य के लिए सभी को ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य समर भारद्वाज ने कहा कि जिस तरह हर साल लगातार तापमान बढ़ता जा रहा है, उसका एक मात्र विकल्प ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाना है। एक बड़ा वृक्ष 10 एसी से ज्यादा ठंडक करता है। तरुण शर्मा ने भी अपने साथियों के साथ स्कूल प्रांगण में पौधे लगाकर उनके देखभाल की जिम्मेदारी ली। गांव फदनी के पूर्व सरपंच जितेन्द्र यादव ने भी पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। स्कूल कोऑर्डिनेटर रोहित जांगिड़ व मीनाक्षी यादव ने बच्चों को घर व आसपास पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया।



रेवाड़ी। स्कूल में पौधरोपण करते हुए शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

### विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

रेवाड़ी। विवेकानंद पब्लिक स्कूल लाखनौर स्थित में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से स्कूल परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर स्कूल निदेशक एडवोकेट सुधीर यादव ने पर्यावरण दिवस को मनाने के वास्तविक उद्देश्य को समझाते हुए जीवन में पौधों के महत्व व इनकी अनिवार्यता के बारे में बताया तथा वैश्विक स्तर पर लगातार घटते हुए वन क्षेत्र व पर्यावरण की गुणवत्ता पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने बढ़ती हुई प्राकृतिक आपदाओं व समस्याओं से अवगत कराते हुए इसे बढ़ते हुए तापमान का भी कारण बताया। इस मौके पर उन्होंने सभी विद्यार्थियों व स्टाफ मेंबर से अपने घर व आसपास के क्षेत्र में कम से कम एक पौधा लगाकर पर्यावरण को बचाने तथा अपनी धरती को सुंदर बनाने में अपना योगदान देने की अपील भी की।



रेवाड़ी। स्कूल परिसर में पौधरोपण करते अध्यापक। फोटो :हरिभूमि





डॉक्टर सजेशन
डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## जब ना लगे अच्छी भूख



**मेरी उम्र 63 वर्ष है। गर्मी के मौसम में मुझे अच्छी भूख नहीं लगती है। पेट में भारीपन लगता है। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**
**-ओमप्रकाश, हिसार**

गर्मियों में लोग पानी अधिक पीते हैं, इसलिए कई लोगों को इस तरह की समस्या आती है। लेकिन आप इस बात पर गौर करें कि आपकी पाचन क्रिया प्रभावित तो नहीं है, क्योंकि पाचन क्रिया प्रभावित होने पर ही पेट में भारीपन महसूस होता है और भूख कम लगती है। इसके लिए आप दोपहर के खाने में सलाद और छाछ या दही जरूर लें और रात में सोने से 3 घंटे पहले खाना खा लें। इस तरह से आपको कुछ राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 53 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से मुझे बैकपेन की प्रॉब्लम है। लेटे रहने पर ठीक रहता है, लेकिन बैठने या खड़े होने पर दर्द बढ़ जाता है। कृपया मेरी इस समस्या का कारगर समाधान बताएं।**
**-संदीप, कोरिया**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपका बैक पेन खड़े होने पर होता है, तो सबसे पहले आप हड्डी रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर एक्सरे जांच करा लें। इससे पता चल जाएगा कि हड्डी में कोई समस्या तो नहीं है। अगर डॉक्टर जरूरत समझेंगे तो सीटी स्कैन भी करा सकते हैं, लेकिन इस समस्या के समाधान के लिए नियमित रूप में एक्सरसाइज ही समाधान है। डॉक्टर की एडवाइस के बाद फिजियोथैरेपिस्ट से संपर्क कर आप नियमित रूप से कमर की एक्सरसाइज शुरू कर दें। दवा से फौरी तौर पर राहत मिलेगी, लेकिन एक्सरसाइज से स्थायी तौर पर राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। प्रॉपर डाइट लेने के बावजूद मेरा वेट नहीं बढ़ रहा है। क्या वेट गेन करने के लिए फूड-सप्लीमेंट्स लेना ठीक रहेगा? क्या फूड-सप्लीमेंट्स के साइड-इफेक्ट्स भी होते हैं?**
**-आर्यन, जांजगीर चांपा**

सबसे पहले आप अपना बॉडी मास इंडेक्स यानी बीएमआई चेक कराएं। अगर बीएमआई के अनुसार आपका वजन ठीक है तो चिंता की बात नहीं है। अगर कम हो रहा है तो जरूर आपको एक बार खून की जांच करानी चाहिए, जिससे पता चल सकेगा कि आपका वजन कम होने का कारण क्या है? इसके लिए आपको सबसे पहले एक बार डॉक्टर से संपर्क करना पड़ेगा।

**मेरी उम्र 32 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे पैरों में अकसर सूजन हो जाती है। फिर ये अपने-आप ही ठीक भी हो जाती है। क्या ये नॉर्मल है या फिर किसी बीमारी का लक्षण है?**
**-साकेत, बिलासपुर**

पैरों में अचानक सूजन आना ठीक नहीं है, कई बार शुगर होने पर इस तरह की समस्या देखी जाती है, इसलिए आपको डॉक्टर से संपर्क कर प्रॉपर जांच करानी चाहिए। इससे सूजन की असली वजह पता चलेगी और उसका उपचार किया जा सकेगा।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। मैं अकसर कहीं रखी गई कोई चीज और बोली या सुनी हुई बात तुरंत भूल जाता हूं। ऐसा क्यों होता है? कृपया इसका समाधान भी बताएं।**
**-सुशील, भोपाल**

कई बार उम्र बढ़ने पर किसी को अल्जाइमर की समस्या होती है, जिससे भूलने की बीमारी होती है। इसलिए आपको एक बार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए और उनके द्वारा बताए गए सुझावों पर अमल करना चाहिए।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। कुछ हफ्तों से मुझे भूख नहीं लगती। कमजोरी भी महसूस होती है। भूख लगने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**
**-दीपक, रायपुर**

भूख न लगने का सबसे पहला कारण पाचन क्रिया प्रभावित होना होता है। इससे खाना डाइजेस्ट नहीं होता और भूख कम लगती है, सबसे पहले आपको अपना खान-पान सुधारना होगा । तला-भुना और अधिक मिर्च मसाले वाला खाना छोड़ना चाहिए । इसके साथ ही दोपहर में खाने में दही व सलाद लें। रात में हल्का खाना खाएं। अगर इससे भी आराम नहीं मिलता तो आपको जांच करा लेना चाहिए, क्योंकि संक्रमण की वजह से भी ऐसी समस्या देखी जाती है। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।

अच्छी हेल्थ के लिए न्यूट्रिशस डाइट लेना निश्चित ही जरूरी है। लेकिन इसके साथ अगर आप रेग्युलर एक्सरसाइज भी करते हैं, तो आप ना केवल हेल्दी रहेंगे, साथ ही हैप्पी और एनर्जेटिक भी फील करेंगे। कई स्टडीज में सामने आया है कि एक्सरसाइज करने से आप कई बीमारियों से बचने के साथ मेंटली भी फिट रह सकते हैं।

# रेग्युलर करें एक्सरसाइज रहें हेल्दी-हैप्पी-एनर्जेटिक



फिटनेस
शिखर चंद जैन

अधिकतर हेल्थ एक्सपर्ट्स फिजिकल फिटनेस के लिए एक्सरसाइज करने की सलाह देते हैं। लेकिन जॉगिंग, वॉकिंग, एक्सरसाइज और योगासन करने से तन के साथ ही मन की सेहत भी दुरुस्त होती है। यह न सिर्फ कई अध्ययनों में पता चला है बल्कि लोगों के अनुभवों से भी एक्सरसाइज और अच्छी मेंटल हेल्थ का संबंध सामने आया है।



### एक्सरसाइज से बढ़ता है फीलगुड

न्यूरोफार्मेकोलॉजी जर्नल में प्रकाशित शोध की रिपोर्ट बताती है कि जब भी हम वर्कआउट करके पसीना बहाते हैं, हमारा शरीर हैप्पी हार्मोन या फील गुड न्यूरोट्रांसमीटर का स्राव करता है। इनमें एंडोर्फिन, डोपामाइन, एंडोकैनाबीनोयड्स होते हैं। साथ ही एक्सरसाइज से मायोकींस यानी होप मॉलेक्युल्स (आशा के अणु) भी रिलीज होते हैं, जो मेंटल हेल्थ को लाभ पहुंचाते हैं। शोधकर्ताओं के मुताबिक हमारी मांसपेशियां जब फिजिकल एक्टिविटीज में इंवॉल्व होती हैं तो अमीनो अम्ल की चेन मायोकींस रक्त के संचार में आने लगते हैं। इनके प्रभाव से एंजायटी, ट्रॉमा, स्ट्रेस, डिप्रेशन के लक्षणों में उल्लेखनीय कमी आती है।







### इंफ्लेमेशन होता है कम

मेकमास्टर यूनिवर्सिटी कनाडा में काइनेसियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. जेनिफर हेस्ज, जो ब्रेन हेल्थ के एक्सपर्ट हैं, बताते हैं कि मायोकिंस, हमारे आंतरिक शारीरिक तंत्र में मौजूद इंफ्लेमेशन को कम करने में मदद करते हैं।

### बढ़ाए बौद्धिक क्षमता

जर्नल फॉर अल्जाइमर्स डिजीज रिपोर्ट में प्रकाशित लेख के मुताबिक हाल ही में ऐसे भी कई अध्ययन हुए हैं, जिनसे पता चलता है कि एक्सरसाइज करने से ब्रेन के नेटवर्क में शानदार इंप्रूवमेंट होता है और बौद्धिक क्षमता में इजाफा होता है। फिजिकल एक्टिविटी, क्रिएटिविटी को स्टिम्युलेट करती है, निर्णय लेने की क्षमता तेज करती है और मानसिक ऊर्जा बढ़ती है। साथ ही इससे उम्र के साथ आने वाली बौद्धिक क्षमता में गिरावट की गति पर भी ब्रेक लगता है। इतना ही नहीं, अल्जाइमर्स डिजीज जैसी बीमारी का जोखिम भी धीमा या कम होता है।

### डिप्रेशन को करे कंट्रोल

एक रिपोर्ट के अनुसार हफ्ते में चार बार 30 मिनट की वॉकिंग करने से लोगों में मेमोरी इंप्रूवमेंट देखा गया। ब्रिटिश जर्नल आफ स्पोर्ट्स मेडिसिन में प्रकाशित ताजा अध्ययन की मानें तो जो लोग फिजिकल एक्टिविटीज में रुचि लेते हैं और पर्याप्त एक्सरसाइज, वॉकिंग आदि करते हैं, उनमें डिप्रेशन का ट्रीटमेंट जल्दी और ज्यादा असरकारक होता है। इसके लिए कम से कम 12 हफ्तों तक रोजाना 30 से 60 मिनट की एक्सरसाइज जरूरी है।

### बढ़ाए सेल्फ कॉन्फिडेंस

यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ ऑस्ट्रेलिया में रिसर्च फेलो बेन सिंह कहते हैं, माना कि एक्सरसाइज मेंटल हेल्थ ट्रीटमेंट का विकल्प नहीं लेकिन यह इसका एक प्रभावशाली पूरक अवश्य है। रेग्युलर एक्सरसाइज से आत्मविश्वास और आत्मसम्मान बढ़ने के साथ-साथ अकेलेपन की फीलिंग भी कम होती है। आप चाहे स्विमिंग करें, वॉकिंग करें, साइक्लिंग करें, योगा करें या दौड़ भाग करें आपके शरीर में मूवमेंट रहना चाहिए। जिनको इसमें आलस्य आता हो, उन्हें स्पोर्ट्स में रुचि लेनी चाहिए। बैडमिंटन, क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल जैसे खेल खेलना चाहिए या फिर रोज मनपसंद म्यूजिक चला कर डांस करना चाहिए। इन सभी एक्टिवटीज से आपके भीतर एनर्जी का संचार होता है और आपमें सेल्फ कॉन्फिडेंस बढ़ता है। *

## मोटापा कम करने में हेल्पफुल ईवनिंग वर्कआउट



**सुबह किए** जाने वाले नियमित व्यायाम को स्वास्थ्य के लिए लाभदायक बताया जाता है। वहीं एक शोध से यह बात सामने आई है कि शाम को भी व्यायाम करने से मोटापे से ग्रस्त लोगों को अधिक फायदा हो सकता है। डायबिटीज केयर जर्नल में प्रकाशित यह निष्कर्ष तीस हजार लोगों के डेटा पर आधारित बताया जाता है, जिनको करीब आठ वर्ष तक निगरानी में रखा गया। सिडनी विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं ने योग से जुड़े इस शोध में पाया कि समय से पहले मृत्यु और हृदय रोग से मृत्यु का जोखिम उन लोगों में सबसे कम था, जो शाम को एरोबिक के माध्यम से योग या अन्य शारीरिक गतिविधियों में शामिल थे। सिडनी विवि में वर्कआउट फिजियोलॉजी के व्याख्याता डॉ. एंजेलो सबाग इस बारे में बताते हैं कि कई जटिल सामाजिक कारणों के चलते ऑस्ट्रेलिया के 3 में से 2 लोगों का वजन अधिक है, जो उन्हें दिल के दौरे, स्ट्रोक और हृदय संबंधी अन्य रोगों के अधिक जोखिम में डालते हैं। शाम के व्यायाम से जुड़े इस अध्ययन में टीम ने न केवल संरचित व्यायाम को ट्रैक किया बल्कि तीन मिनट या उससे अधिक समय के निरंतर एरोबिक व्यायाम को भी ट्रैक करने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने पाया कि उनकी दैनिक शारीरिक गतिविधि की कुल मात्रा से अधिक, फ्रीक्वेंसी मायने रखती है। इसके अलावा शोधकर्ता टीम ने यह भी पाया कि शाम की शारीरिक गतिविधि मधुमेह या मोटापे से जुड़ी कुछ जटिलताओं को दूर करने में मदद कर सकती है। सबाग ने इस बात पर जोर दिया कि हालांकि व्यायाम किसी भी तरह से मोटापे के संकट का एकमात्र समाधान नहीं है। लेकिन अध्ययन से पता चलता है कि जो लोग दिन के निश्चित समय में अपनी गतिविधि की योजना बना सकते हैं, वे इनमें से कुछ स्वास्थ्य जोखिमों की भरपाई कर सकते हैं।

प्रस्तुति-अजेश कुमार

औषधीय फल

## स्वादिष्ट-स्वास्थ्यवर्धक आम



इन दिनों बाजार में कच्चे और पके आम खूब दिख रहे हैं। आम का नाम सुनते ही मुंह में पानी आ जाता है। इसकी वजह है कि इतना स्वादिष्ट होने के साथ यह गुणकारी भी बहुत होता है। इसका अचार, चटनी, मुरब्बा, पना, शेक और शर्बत स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक होता है। हमारे देश में आम की सैकड़ों प्रजातियां पैदा होती हैं। इनमें से प्रमुख हैं- दशहरी, चौसा, तोतापुरी, अल्फांसो, हिमसागर, लंगड़ा, रसपुरी, बायगनपल्ली, सिंधुरा आदि।

**रोग निवारक गुणः** आम में एंटीऑक्सीडेंट्स गुण पाए जाते हैं। इसका सेवन कैंसर की आशंका को कम करने में सहायक है। इसमें मधुमेहरोधी गुण पाए जाते हैं। यह हृदय को मजबूत बनाता है। इसमें एंटी-एजिंग और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण भी होते हैं। पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में आम बहुत उपयोगी है। इसमें मिलने वाले एंजाइम भोजन का शीघ्र पाचन करने में सहायक होते हैं। आम का सेवन मोटापे को रोकने में हितकर है। इसमें मिलने वाले रेशे शरीर की अतिरिक्त चर्बी को कम करने में मददगार होते हैं। इसमें मिलने वाला विटामिन ए, आंखों की रोशनी के लिए वरदान है। कोलेस्ट्रॉल नियंत्रित रखने में भी आम का सेवन सहायक होता है। आम का गूदा फेसपैक की तरह चेहरे पर लगाने से धूप के दुष्प्रभाव से बचाव होता है। आम शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में सहायक होता है। जिनकी याददाश्त (स्मरण शक्ति) कमजोर है, उनके लिए आम में मिलने वाला ग्लूटामिन एसिड बहुत उपयोगी है। गर्भवती महिलाओं के लिए भी आम का सेवन बहुत लाभदायक है।

**ऐसे करें सेवनः** गर्मी के मौसम में अगर दोपहर में घर से बाहर जाना पड़े तो एक ग्लास आम का पना पीकर निकलेंगे तो धूप और लू से बचाव होगा, साथ ही पानी का स्तर भी संतुलित रहेगा। इसके लिए आम को आग में भूनकर पानी में मथ कर जरा-सा नमक मिलाकर पिएं।



- आम खाकर गुठली को फेंकने के बजाय इसको सुखाकर रखें। इस गुठली को फोड़कर अंदर से मिंगी (अंदर की गुठली) निकालकर साफ कर सिल-बट्टे पर दरदरा पीस कर चौथाई चम्मच चूर्ण जरा सा शहद मिला एक ग्लास पानी में मिलाकर पीने से दस्त में आराम मिलता है। यह ब्लड सर्कुलेशन को नियमित करती है और कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मददगार है। यह चूर्ण शरीर के टॉक्सिंस को बाहर करने में भी सहायक है। ये उपचार सामान्य हैं। सेवन से पहले आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह अवश्य करें। *

-वैद्य हरिकृष्ण पांडेय 'हरीश'

प्रिकॉशन
संध्या रानी

गर्मी के मौसम में जरा-सी लापरवाही से आप डायरिया के शिकार हो सकते हैं। बच्चे और बुजुर्ग इसकी चपेट में जल्दी आते हैं। ऐसा आपके साथ ना हो, इसके लिए आपको यहां बताई जा रही बातों को ध्यान रखना चाहिए।

## डायरिया से ऐसे करें बचाव



गर्मी में पेट से संबंधित समस्या होना आम बात है। कई बार पेट में इंफेक्शन के कारण खाना हजम नहीं होता है और पतले मोशन होने लगते हैं। बार-बार लूज मोशन होने के कारण शरीर से पानी अधिक निकल जाता है। इससे शरीर में सुस्ती आ जाती है और कमजोरी लगने लगती है। इस समस्या को डायरिया कहा जाता है। अगर समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया जाए तो यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। लूज मोशन के कारण डिहाइड्रेशन हो जाता है। इससे किडनी पर भी बुरा असर पड़ता है। इसलिए इसको रोकने के लिए अपने खान-पान और साफ-सफाई पर बहुत ध्यान देना चाहिए।

**डायरिया होने के कारण :** इस मौसम में डायरिया होने का प्रमुख कारण संक्रमित आहार लेना होता है। इसलिए बाजारू खाने से परहेज करना चाहिए। बाजार में बिकने वाले मिल्क शेक, कटे हुए फल, गोल गप्पे, जूस और कटे रखे सलाद खाने से भी डायरिया होने का चांस अधिक रहता है। बुजुर्गों और बच्चों की इम्यूनिटी मजबूत नहीं होती है, इसलिए इनका विशेष ध्यान रखना चाहिए। यह भी हो सकता है कि आज आपने बाजारू खाना खाया और उसके एक-दो दिन के बाद आपको संक्रमण हो। पर्याप्त मात्रा में पानी ना पीने और लिक्विड डाइट ना लेने से भी डायरिया होने का रिस्क बढ़ता है।

**प्रमुख लक्षण :** डायरिया होने पर जो प्रमुख लक्षण महसूस होते हैं, उनमें शामिल हैं-पेट में दर्द होना, गैस की शिकायत होना, पेट में मरोड़ आना, लूश मोशन होना, आंखें अंदर जाना, मुंह सूखना, जीभ सूख जाना और कमजोरी लगना आदि।

**बचाव के उपाय :** डायरिया से बचाव का प्रमुख उपाय यह है कि बाजार में मिलने वाले खाने के बजाय घर का बना ताजा और स्वच्छ खाना ही खाएं। खूब पानी पीते रहें। गर्मी के मौसम में चाय और कॉफी से परहेज करें, क्योंकि इससे यूरीन का उत्पादन ज्यादा होता है। कोल्ड ड्रिंक पीने से परहेज करें। इसके बजाय जहां तक हो सके नीबू पानी, नारियल पानी, सादा पानी, छाछ, लस्सी आदि को बदल-बदल कर पीते रहें। लेकिन यह ध्यान रखें कि नारियल पानी दिन में एक बार ही पिएं क्योंकि इसमें पोटेशियम होता है, जो दिल पर प्रेशर डालता है। ठेले पर बिकने वाली खुली हुई और कच्ची चीजें न खाएं, जैसे कि कटे फल, सलाद इत्यादि।

**उपचार के तरीके :** अगर डायरिया हो गया है तो लाइट डाइट ही लें, ताकि आसानी से हजम हो जाए। खाने में घर का बना हुआ खिचड़ी, दाल, चावल और सूप ले सकते हैं। इंफेक्शन के कारण भूख नहीं लगती है फिर भी हर दो-तीन घंटे में पानी पीएं और कुछ हल्का खाते रहें। इस दरम्यान दूध का सेवन न करें, लेकिन दही ले सकते हैं, वह भी घर का जमा हुआ। थोड़ी-थोड़ी देर में पेशेंट को हल्का खाना देते रहें, पर जितना आराम से खा सके, उतना ही खाएं। तीन-चार घंटे के अंतराल पर फल खाते रहें।

**बरतें सावधानियां :** अपने खान-पान के प्रति बेहद सावधान रहें। बाहर का खाना बिल्कुल न खाएं। यहां तक कि बाहर बिकने वाला पानी भी न पीएं। घर का बना हुआ ताजा खाना ही खाएं। जब भी घर से बाहर जाएं तो अपने साथ खाना और पानी की बॉटल साथ लेकर जाएं। दिन के समय घर से बाहर तभी जाएं जब बहुत जरूरत हो। खासतौर पर डायरिया के पेशेंट घर में ही रहें और आराम करें। *

(डाइटीशियन नेहा पेठानिया से बातचीत पर आधारित)

अवेयरनेस
ललिता गोयल

इन दिनों प्लास्टिक बॉटल में पानी पीने का ट्रेंड बहुत बढ़ गया है। लेकिन ऐसा करना आपके स्वास्थ्य के लिए हार्मफुल हो सकता है। इससे कैसे दुष्प्रभाव हो सकते हैं और किस-किस तरह की बीमारियां हो सकती हैं, आप जरूर जानना चाहेंगे।

## क्या आप भी पीते हैं प्लास्टिक बॉटल में पानी!



आज के दौर में प्लास्टिक हमारी मॉडर्न लाइफस्टाइल का एक अटूट हिस्सा बन चुका है। आजकल जहां देखो हमारे आस-पास प्लास्टिक ही प्लास्टिक नजर आता है। किचेन के डब्बे हों या बाजार में बिकने वाली पानी की बोतल। खाने की पैकिंग हो या सामान लाने वाले पॉलिथिन। कप, प्लेट, स्ट्रॉ हर तरफ प्लास्टिक ही दिखता है।

### शरीर के लिए हार्मफुल

कुछ लोग तो प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से परिचित हैं लेकिन कई लोग ऐसे हैं, जो इसके दुष्प्रभाव के बारे में कुछ भी नहीं जानते। वे नहीं जानते कि प्लास्टिक का उपयोग मनुष्य के शरीर के लिए कितना हानिकारक साबित हो सकता है। इससे निकलने वाले केमिकल्स, शरीर को किस हद तक हानि पहुंचा सकते हैं और इससे प्रकृति के साथ-साथ मनुष्य के शरीर को भी कितना नुकसान पहुंचता है? पानी तो अधिकांश लोग यात्रा के दौरान प्लास्टिक की बोतल में ही पीते हैं, जबकि यह बहुत हार्मफुल होता है। प्लास्टिक की बोतल में पानी पीने से आपकी सेहत को क्या नुकसान हो सकता है और कैसे शरीर को अंदर से खोखला कर रहा है प्लास्टिक, इस बारे में जानना जरूरी है।

### हो सकती हैं कई प्रॉब्लम्स

अमेरिका के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन का कहना है कि जब प्लास्टिक गर्म होता है तो उसमें से 50 से 60 तरह के अलग-अलग केमिकल्स बाहर निकलते हैं और



ये शरीर के लिए अत्यंत घातक साबित होते हैं। प्लास्टिक का प्रयोग करने की वजह से इसमें पाए जाने वाले केमिकल्स से सीधा शरीर का संपर्क होता है। इससे अनेक बीमारियों से शरीर घिर सकता है। प्लास्टिक में पाए जाने वाले केमिकल जैसे सीसा, कैडमियम और पारा शरीर में कैंसर, विकलांगता, इम्यून सिस्टम में गड़बड़ी जैसे गंभीर रोग उत्पन्न करते हैं और इससे बच्चों का विकास भी प्रभावित होता है। एक शोध के अनुसार प्लास्टिक की बोतल में ईडीसीए यानी कि एंडोक्राइन डिस्सेंटिंग केमिकल जैसा बहुत ही खतरनाक और नुकसान देने वाला केमिकल पाया जाता है, जो कि इंसानी हार्मोनल सिस्टम को धीरे-धीरे परंतु सीधे तरीके से नुकसान पहुंचाता है। इसकी वजह से प्यूबर्टी भी जल्दी आती है, वहीं डायबिटीज की समस्या भी हो सकती है।

प्लास्टिक में मौजूद केमिकल्स की वजह से महिलाओं में ओवरी से संबंधित बीमारियां और ब्रेस्ट कैंसर जबकि पुरुषों में कोलन कैंसर और प्रोस्टेट कैंसर जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। प्लास्टिक की बोतल में पानी पीने से इम्यूनिटी पर प्रभाव पड़ता है, जिस वजह से वो कमजोर हो सकती है। दरअसल, प्लास्टिक की बोतल में मौजूद माइक्रोप्लास्टिक आपके ब्लड सर्कुलेशन में आ जाने की वजह से वो शरीर की इम्यूनिटी कम कर देता है।

### दूरी बनाना है जरूरी

प्लास्टिक की बोतल जब गर्मी के संपर्क में आती है तो एक केमिकल रिलीज करती है, जिसे डायोक्सिन कहते हैं। रिलीज किए गए इस केमिकल की वजह से ब्रेस्ट कैंसर होने का खतरा कई गुना बढ़ सकता है। शरीर पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के साथ-साथ प्लास्टिक पर्यावरण को भी काफी हद तक प्रभावित करता है। इसलिए अपने बेहतर स्वास्थ्य के लिए अपनी लाइफस्टाइल में प्लास्टिक के प्रयोग को बिल्कुल ना कहें। *

**खबर संक्षेप**



## वन विभाग ने मनाया पर्यावरण दिवस

**रेवाड़ी।** वन विभाग की ओर से बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। बावल क्षेत्र के गांव रामपुरा में पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गांव के सरपंच नरेश कुमार उर्फ नरू ने शिरकत की। वन विभाग की ओर से वन मंडल अधिकारी दीपक प्रभाकर पाटिल, वन राजिक अधिकारी संदीप कुमार, शिवकुमार उप वन राजिक व पवन कुमार वनरक्षक उपस्थित थे। उन्होंने गांव में पेंशन ले रहे वृक्षों की भी पूजा अर्चना की।

## धर्मबीर सिंह की जीत पर खुशी मनाई

**मंडी अटेली।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा चुनाव क्षेत्र से चौधरी धर्मबीर सिंह की जीत व केंद्र में एनडीए के तीसरी बार सत्ता में आने पर अटेली में लड्डू बांटकर खुशी मनाई। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत पर बधाई दी और ढोल की थाप पर नाचकर अपनी खुशी का इजहार किया। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी ओबीसी मोर्चा के सदस्य प्रदीप सराय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शहर में जीत का जुलूस निकाला।

## महिला आईटीआई में जॉब मेला आज

**महेंद्रगढ़।** राजकीय महिला आईटीआई में छह जून को जॉब मेले का आयोजन किया जाएगा। संस्था प्राचार्य हर्षवर्धन शर्मा ने बताया कि मेले में कई कंपनी भाग लेकर युवाओं को रोजगार देने का कार्य करेंगी। प्लेसमेंट अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि मेले में छात्र-छात्राएं अपना मूल प्रमाण पत्र, दसवीं, 12वीं, आईटीआई प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर कार्ड की फोटो कॉपी साथ लेकर आए।

## ताले तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी

**धारूहेड़ा।** राजपुरा आलमगीर में चोरों ने स्कूल के कार्यालय और लाइब्रेरी के ताले तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। स्कूल के मुख्याध्यापक कमल किशोर ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि जब स्कूल का कर्मचारी धर्मसिंह बुधवार सुबह स्कूल पहुंचा तो ऑफिस व लाइब्रेरी के ताले टूटे हुए मिले। उसकी सूचना पर वह मौके पर पहुंचा तो एक एलईडी टीवी, एक क्विंटल चावल, 2 क्विंटल गेहूं तथा दूध पाउडर चोरी मिला। आसपास पता करने के बाद भी चोरों के बारे में कोई सुराग नहीं लगा।

## नगर पालिका चेयरमैन को पत्नी शोक

**धारूहेड़ा।** नगर पालिका धारूहेड़ा के चेयरमैन कंवर सिंह यादव की पत्नी कांता देवी का बुधवार को निधन हो गया। 62 वर्षीय कांता देवी पिछले तीन महीने से अस्वस्थ चल रही थी। उनके निधन पर पूर्व विधायक रणधीर सिंह कापड़ीवास, पूर्व जिला प्रमुख सतीश यादव,पूर्व सरपंच शिवदीप, मनीराम राठी, रामदयाल सरपंच मिल्कपुर, मंगल सेठ, नपा उपाध्यक्ष अजय जांगडा, ईश्वर मुकदम व बलराज कापड़ीवास ने शोक व्यक्त किया है।

### प्लास्टिक से मुक्ति के लिए बाजार जाते समय कपड़े का थैला साथ लेकर जाने का आह्वान

# सिंगल यूज प्लास्टिक को यूज न कर पर्यावरण संरक्षित करें: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीसी राहुल हुड्डा ने अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर आमजन व दुकानदारों से जिले को हरा-भरा बनाने व सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति दिलाने के लिए पर्यावरण संरक्षण में भागीदार बनने की अपील की है। उन्होंने जिलावासियों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आह्वान किया। डीसी ने कहा कि जिलावासी पर्यावरण संरक्षण में प्रहरी की भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर प्लास्टिक एक ऐसी वस्तु है, जो हर प्रकार के प्रदूषण का कारण बनी हुई है। उन्होंने कहा कि आमजन को चाहिए कि वह बाजार जाते समय अपने साथ कपड़े का थैला साथ लेकर चलें और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए ताकि पर्यावरण को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाया जा सकें।



रेवाड़ी। पौधारोपण करके पर्यावरण का संदेश देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण अति आवश्यकः सीजेएम

बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर डालसा व एक कदम मानवता की ओर संस्था के संयुक्त तत्वाधान में पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर सीजेएम अमित वर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण अति आवश्यक है। वर्तमान में हो रहे पर्यावरण में बदलाव के दुष्परिणाम हम भुगत रहे है, ऐसे में हम सभी का कर्तव्य है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा कार्य करें। संस्था के अध्यक्ष राकेश भार्गव ने कहा कि जलवायु में परिवर्तन बिगड़ते पर्यावरण का सूचक है, जोकि कफी चिंताजनक है। यदि हम आज नहीं जागे तो इससे भी बुरे परिणाम देखने को मिल सकते है। संस्था संस्थापक प्रियंका यादव ने बताया कि यह अभियान लगातार पांच दिन तक जारी रहेगा। बुधवार को दिल्ली रोड़ स्थित हैरिटेज प्वाइंट पर पौधारोपण किया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बढ़ते हुए तापमान और भीषण गर्मी का कारण वृक्षों का अभाव है। हमें अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करने होंगे। अधिवक्ता अंजलि ने इस मुहिम में जुड़ने के लिए सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में एनएसएस मीरपुर के स्वयंसेवकों, वन विभाग, अनुज भार्गव, शिवकुमार यादव, सचिन इंजीनियर, मुकेश सुल्तानिया व अमन यादव का विशेष सहयोग रहा। सभी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी निभाई।

### पर्यावरण संरक्षण हर व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य

डीसी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण संरक्षण को अपना कर्तव्य समझना चाहिए। पर्यावरण सुरक्षा और उसमें संतुलन हमेशा बना रहे, इसके लिए हमें जागरूक और सचेत रहना होगा। हर प्रकार के हानिकारक प्रदूषण जैसे जल, वायु, ध्वनि, इन सब खतरनाक प्रदूषण से बचने के लिए अगर हम धीरे-धीरे भी प्रयास करें तो धरा सुंदर बन सकती है। वर्तमान समय में पर्यावरण का ध्यान रखना और संरक्षण करना हर व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य और जिम्मेदारी है।



उन्होंने कहा कि हमें पर्यावरण को हानि पहुंचाने वाली चीजों का उपयोग नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के सामने उदाहरण पेश कर उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना शिक्षकों और अभिभावकों का कर्तव्य है।

### पेड़ों से मिलती जीवनदायिनी ऑक्सीजन

डीसी हुड्डा ने कहा कि जब से दुनिया शुरू हुई है, तभी से इंसान और कुदरत के बीच गहरा रिश्ता रहा है। पेड़ों से एक ओर जहां पेट भरने के लिए फल-सब्जियां और अनाज, तन ढकने के लिए कपड़ा मिलता है वहीं दूसरी ओर हमें पेड़ों से जीवनदायिनी ऑक्सीजन भी मिलती है, जिसके बिना कोई एक पल भी जिंदा नहीं रह सकता। पेड़ मनुष्य की जरूरत है, उसके जीवन का आधार है। आज लगाए गए पौधे से हमारा आने वाला कल बेहतर बनेगा। हर व्यक्ति को पौधरोपण का संकल्प लेना चाहिए। हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए ऑक्सीजन रूपी संजीवनी को सहज कर रखना होगा, जिसके लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने बहुत जरूरी हैं।

## प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा जरूर लगाएं एवं उसकी देखभाल भी करें: कुलपति



रेवाड़ी। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना, छात्र कल्याण विभाग एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण, प्लास्टिक मुक्त अभियान एवं जैविक खाद पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी यादव एवं कुलसचिव प्रो. प्रमोद कुमार ने विश्वविद्यालय में कार्यरत सभी बागवानों के साथ पौधारोपण किया। कुलपति ने सभी को पर्यावरण शुद्ध रखने का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा जरूर लगाएं एवं उसकी देखभाल भी करें। उन्होंने कहा कि सभी बागवान कर्मचारी हमारे विश्वविद्यालय की हरियाली के सच्चे सिपाही है, जो पर्यावरण को हरा-भरा व शुद्ध रखने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कुलसचिव प्रोफेसर प्रमोद कुमार ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग को नियंत्रित करने के लिए एवं हवा के प्रदूषण से बचने के लिए अधिक फलदार व छायादार पौधे जरूर लगाएं ताकि वातावरण को शुद्ध रखा जा सकें। अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर करण सिंह ने कहा कि वातावरण को स्वच्छ व शुद्ध बनाने में पौधारोपण के साथ-साथ प्लास्टिक मुक्त भारत को विकसित बनाने में अपना सहयोग करें। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय,महेंद्रगढ़ की वाइस चांसलर प्रोफेसर सुषमा यादव ने पौधारोपण एवं प्लास्टिक मुक्त अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। कुलपति ने विश्वविद्यालय से मीरपुर तक पौधारोपण एवं प्लास्टिक मुक्त अभियान की जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अधिष्ठाता जीव संकाय विभाग डा. सुमन नागपाल ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों, बागवानों एवं कर्मचारियों को मृदा परीक्षण एवं जैविक खाद निर्माण कार्यशाला में प्रशिक्षण देकर वातावरण को शुद्ध रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जैविक खाद की खेती जमीन की उपजाऊ शक्ति को बढ़ाती है एवं मानव शरीर के साथ-साथ पर्यावरण को भी शुद्धि प्रदान करती है। पर्यावरण विभाग की शिक्षिका डा. श्रद्धा के साथ छात्रा सविता, प्रीति एवं वर्षा ने विभिन्न विधियों से मृदा प्रशिक्षण सीखाकर सभी विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया। जैव प्रौद्योगिकी विभागाध्यक्ष डा. रमेश कुमार ने सभी का धन्यवाद किया।

### यें रहे उपस्थित

इस अवसर पर अभिषेक, एसडीओ सुरेंद्र कुमार, मनजीत सिंह, उदयभान, मनोज कुमार, सुरजीत, अमित कुमार, संदीप कुमार, कौशल, विक्रम सिंह सहित सभी बागवानी, स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। बागवानी सुपरवाइजर राजपाल यादव ने बागवानी सदस्य धर्मेंद्र, अजीत सिंह, रामसरन, हरीश, सरजीत, अनिल कुमार, सुरेंद्र सिंह, राकेश कुमार, नरेश कुमार, संजय, सोहन लाल, शेर सिंह, नवीन कुमार, अजीत, मोहर सिंह, हरिंदर व करण सिंह के कार्य की सराहना की।

## राव इन्द्रजीत सिंह की छठी बार जीत पर मनाई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह के छठी बार जीत हासिल करने तथा एनडीए को तीसरी बार पूर्ण बहुमत हासिल करने पर भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, झज्जर प्रभारी तथा गांव संगवाड़ी के सरपंच रामसिंह छावड़ी ने समर्थकों व ग्रामीणों के साथ मिठाई बांटकर जमकर खुशी मनाई।

इस मौके पर भाजपा नेता छावड़ी ने कहा कि पिछले करीब 40 वर्षों से अधिक समय से बेदाग व निस्वार्थ भाव से राजनीति करते हुए राव इंद्रजीत सिंह क्षेत्र के लोगों की सेवा करते आ रहे हैं। जनाधार के मामले में प्रदेश के सबसे बड़े नेता ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि इलाके में उनके मुकाबले कोई दूसरा बड़ा नेता नहीं है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेता राव इंद्रजीत सिंह का केवल रेवाड़ी-गुरुग्राम ही नहीं अपितु समस्त दक्षिण हरियाणा के बड़े वोट बैंक पर उनका वर्चस्व आज भी ज्यों का त्यों बरकरार है। इस मौके पर बीकानेर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल छावड़ी, कैप्टन रामरतन, ओमप्रकाश थानेदार, प्रवीन शर्मा, जसराम, राजसिंह ठेकेदार, नरोत्तम शर्मा, लालाराम, बबली प्रधान, लालचंद नंबरदार, थावर सिंह, प्रकाश, पप्पु ठेकेदार, छैल सिंह, सचिन, रामफल ठेकेदार, अजीत सिंह, रामकरण पंच, महिपाल, बिसराम प्रधान, रामनिवास, दलसिंह प्रधान, हिम्मत सिंह, ओमप्रकाश रंगा, मनोज पूर्व पंच, राजपाल ठेकेदार, राजू, व हरबंस छावड़ी मौजूद थे।



रेवाड़ी। राव इन्द्रजीत सिंह की जीत पर खुशी मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि

## सीहा के दादूपंथी आश्रम में चार दिवसीय उत्सव का भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुंड

गांव सीहां में दादूपंथी बाबा रामस्वरूप दास महाराज आश्रम में ब्रह्मलीन महंत बाबा भगवान दास एवं बाबा प्रेमदास महाराज की स्मृति में आयोजित चार दिवसीय मेले, संत सम्मेलन व भंडारे का आयोजन आश्रम के महंत नरोत्तम दास महाराज की देखरेख सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर दादूवाणी का अखंड पाठ किया गया। अखिल भारतीय दादू संप्रदाय के आचार्य ओमप्रकाश दास महाराज का आश्रम परिसर में भव्य स्वागत किया गया। दादूवाणी की शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें राजस्थान के कलाकारों ने हैरतअंगेज कारनाममें दिखाएं। ग्रामवासियों की ओर से मीठे पानी की छबील लगाई गई। हरियाणवी लोक गायकों ने लोक संस्कृति के भजन व रागनियों से समा बांधे रखा। इस दौरान अस्थल भाड़ावास के महंत महावीर दास, महंतलाल दास जैनाबाद, स्वामी धर्मदास, महंत जसवंतदास रेवाना, महंत अरविंद स्वामी कलानौर, महामंडलेश्वर ज्ञानदास स्वामी, जितेंद्र स्वामी, महामंडलेश्वर पुरुषोत्तम दास, मधुसूदन स्वामी, महंत रूपदास जिंजर, महंत राम प्रकाश काहनोर व महंत कैलाश दास सहित अनेक संत-महात्मा व भक्तजन उपस्थित थे।



रेवाड़ी। सीहा में लगे मेले में जमा लोग। फोटो : हरिभूमि

## वट सावित्री व शनि जयंती आज, महिलाएं व्रत रखकर मागेंगी पति की लंबी आयु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



ज्येष्ठ मास की अमावस्या को उत्तर भारत में और पूर्णिमा को दक्षिण भारत में वट सावित्री का व्रत रखा जाता है। इस व्रत की कथा सावित्री और सत्यवान के अखण्ड सौभाग्य के रूप में जाना जाता है। यमराज की ओर से अखण्ड सौभाग्य दान मिलता है। यह व्रत पति की लंबी आयु के लिए किया जाता है। शहर के धारूहेड़ा चुंगी स्थित ज्योतिष संस्थान के ज्योतिषाचार्य अजय शास्त्री ने बताया कि इस दिन महिलाएं सोलह श्रृंगार अर्पित कर अपने पति के लंबी उम्र के लिए बरगद के पेड़ की पूजा करती हैं। पति के रक्षण व सौभाग्य प्राप्ति के लिए महिलाएं सावित्री सत्यवान की पावन कथा सुनती है। महिलाएं वट वृक्ष में 11, 21 51 या 108 बार कच्चा सूत लपेट कर अपने पति की लंबी आयु व स्वास्थ्य रहने की कामना करती हैं। ऐसा करने से मृत्यु के देवता यम प्रसन्न होते है और प्राण आयु प्रदान करते हैं। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि महिलाएं रौली-मौली, हल्दी, वट वृक्ष का फल, पुष्प, धूप, दीप व नैवेद्य लेकर पूजा करके कच्चा सूत लपेटकर परिक्रमा करें तथा अपनी पति की लंबी आयु की कामना करें।

## आरकेसी के ग्यारह छात्रों ने नीट में लहराया परचम

- 11 विद्यार्थियों ने नीट मेडिकल परीक्षा में 635 से अधिक अंक प्राप्त किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


दीया


महिमा


चांदनी


मुसकान

राव खेमचंद विद्या विहार बोहतवास अहीर के 11 विद्यार्थियों ने नीट मेडिकल परीक्षा में 635 से अधिक अंक प्राप्त किए है। छात्रा दीया गांव खालेटा ने 720 में से 695, महिमा गांव बास ने 690, चांदनी गांव नांगल ने 680, मुस्कान गांव खोरी ने 680, गुलशन गांव बोहतवास अहीर ने 675, मुस्कान गांव खालेटा ने 675, नेहा यादव गांव प्रागपुरा ने 667, सुमित गांव लाधुवास ने 665, कनिका गांव खड़गवास ने 660, नेहा शर्मा गांव खालेटा ने 642 एवं महक गांव लुहाना ने 637 अंक प्राप्त कर विद्यालय के साथ-साथ अपने क्षेत्र एवं माता-पिता का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य प्रदीप यादव ने कहा कि यह परिणाम छात्र-छात्राओं की अथक मेहनत और कोचिंग हेड दिनेश कुमार, उमेश राव, आकाश, सोनु यादव, रेणु यादव, पूजा यादव और गगन कुमार की मेहनत का परिणाम हैं। संस्था के अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार, काउंसलर डा. ओ पी यादव, प्रशासनिक हेड प्रतिमा पारिक, नर्सरी केजी हेड कविता यादव एवं सतदेव ने सभी विद्यार्थियों को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी।

## कंचन ने नीट परीक्षा में 685 अंक लेकर पाई सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मुकुंदपुर बसई बोलनी स्थित ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने नीट-2024 परीक्षा में विलक्षण प्रदर्शन किया है। स्कूल की तीन छात्राओं ने नीट में प्रशंसनीय स्कोर प्राप्त किया है तथा गत वर्ष स्कूल की पांच छात्राओं ने सराहनीय अंक प्राप्त किए थे।

छात्रा कंचन गांव बोलनी ने 685 अंक प्राप्त करके अपने विद्यालय व परिवार का नाम रोशन किया है। छात्रा ने केमिस्ट्री विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कंचन ने कहा कि उसने यह मुकाम अपने विद्यालय के अध्यापकों की ओर से दिए गए मार्गदर्शन व मेहनत से हासिल किया है। छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय संचालिका किरणबाला व डायरेक्टर उज्जवल यादव को दिया। छात्रा कंचन ने 12वीं सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में मेडिकल संकाय में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त किया था।

## बच्चों को वाहनों में छोडकर न जाएं, उन्हें लू लगने का हो सकता खतरा: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इन दिनों भीषण गर्मी से जन-जीवन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। जिला आपदा एवं प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन एवं डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि गर्मी के मौसम में गर्म हवा और बढ़ते हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है, विशेषकर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें। डीसी ने आमजन से आह्वान किया कि वह सरकार की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करें और लू से बचें रहें। उन्होंने बताया कि लू से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें, गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिए, ओआरएस, घर में बने पेय पदार्थो का सेवन करें। बच्चों को वाहनों में छोडकर न जाएं, उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है, नंगे पांव बाहर न जाएं, गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास रखें, काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें, खेत खलीहान में काम कर रहे हैं तो समय-समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें।

### डॉक्टर की द्वितीय पुण्यतिथि पर लगाया रक्तदान शिविर



बावल। बुधवार को बावल स्थित पंजाबी धर्मशाला में डॉ राजगोविन्द शर्मा की द्वितीय पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के संयोजक अमित बामण कालडावास और कर्ण यादव ढाणी सुठानी थे। मुख्य अतिथि दीपा भारद्वाज वरिष्ठ भाजपा नेत्री भाजपा, विशिष्ट अतिथि अजय कांटीवाल जिला उपाध्यक्ष, नीरू भारद्वाज जिला सचिव व शशि तनेजा ने शिविर का शुभारंभ किया तथा रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। सचिन शर्मा ने बताया कि शिविर में 53 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर में डॉ उम्मेद का विशेष सहयोग रहा। कैंप में युवाओं के साथ 57 वर्षीय बुजुर्ग रतनलाल काकोड़िया ने रक्तदान किया। एडवोकेट नरेंद्र यादव सोहना गुरुग्राम का भी सहयोग रहा। इस अवसर पर भास्कर गौड़, गजेंद्र शर्मा, देव, पार्थ व आकाश मौजूद थे।

## गुरु शिष्य परंपरा प्रशिक्षण के तहत आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की ओर से लुप्त होती कलात्मक विधाओं की पहचान को कायम रखने व उन्हें संरक्षण देने के लिए गुरु शिष्य परंपरा प्रशिक्षण के तहत आवेदन आमंत्रित किए हैं। कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा लुप्त होती विधाओं जैसे लोक गायन, लोकगाथा, लोक चित्रकला, लोक नाट्य, दुर्लभ वाद्य यंत्रों, लोक नृत्य विधा का प्रशिक्षण देने वाले गुरुओं व उनके शिष्यों के नाम, पता व दूरभाष नंबर सहित विवरण की सूची मांगी गई है। इस योजना के तहत सोमवार 10 जून तक आवेदन किया जा सकता है।

जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि गुरु शिष्य परंपरा प्रशिक्षण के तहत चयनित गुरु व शिष्यों को उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज द्वारा गुरु को 7500 रुपए प्रतिमाह, प्रति संगीतकार को 3750 रुपए प्रतिमाह एवं प्रत्येक शिष्य को 1500 रुपए प्रतिमाह एक वर्ष तक मानदेय प्रदान किया जाएगा।

**जागरूकता** | साइबर थाना टीम की ओर से बुधवार को लोगों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया गया

## बस स्टैंड पर विद्यार्थियों व आमजन को साइबर अपराध से बचाव के तरीके बताए

- उन्होंने ठगी होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर-1930 या साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में शिकायत जरूर करने की सलाह लोगों को दी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना टीम की ओर से बुधवार को लोगों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया गया। साइबर थाने से एसआई राहुल ने बस स्टैंड पर छात्र-छात्राओं व आमजन को साइबर ठगी से बचने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने ठगी होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर-1930 पर कॉल करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि साइबर ठग फेक आईडी, फेक लिंक, फेक ईमेल, फेक नौकरी, फेक कॉल व मैसेज सहित विभिन्न प्रकार से बैंक डेबिट व क्रेडिट कार्ड ब्लॉक करने के नाम पर, कार व दोपहिया वाहन व अन्य सामान ऑनलाइन बेचने व खरीदने के नाम पर, पॉलिसी रिन्यू करने के नाम पर, लोन देने के नाम पर, मॉर्फ की गई न्यूड वीडियो व फोटो वायरल करने की धमकी देने के नाम पर ठगी कर रहे है। किसी भी व्यक्ति को अपने मोबाइल पर आने वाले ओटीपी व बैंक खाते संबंधी कोई भी जानकारी न दें। यदि कोई व्यक्ति बैंक से बोलने की बात कह कर जानकारी ले रहा है, तो उसे भी कोई जानकारी नहीं बताएं। ठग बैंक अधिकारी बनकर ठगी करते है। मोबाइल पर आने वाले अनजान लिंक व किसी भी इनाम और ऑफर के लिंक को ओपन न करें। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर तुरन्त साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर या साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में शिकायत जरूर करें।



रेवाड़ी। साइबर क्राइम की जानकारी देते हुए टीम। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। गोकल गेट के पास सीवर में जोड़ा जा रहा बरसाती नाला।

### बाजार में सीवर से जोड़े जा रहे बरसाती नाले

**रेवाड़ी।** शहर के मुख्य बाजार में गोकल गेट के पास नगर परिषद की ओर से बनाए गए बरसाती नालों से पानी की निकासी नहीं हो रही है। नाले के निर्माण के बाद रेलवे रोड और गोकल गेट पर सीवर में नाले को मिला दिया गया है और हाल ही में गोकल गेट पर एक और नाले को फिर से सीवर में मिलाया जा रहा है, जिससे सीवर ओवरफ्लो होने के कारए रोजाना बाजार में समस्या पैदा होगी। आसपास के लोगों ने प्रशासन को सीवर को नाले में न मिलाने के लिए शिकायत दी है, ताकि आने वाले समय में परेशानी न हो। दुकानदारों ने कहा कि विभाग को बनाए गए बरसाती नालों को ही दुरुस्त करना चाहिए तथा जो कनेक्शन सीवर में नाले से अटैच है, उनको जल्द हटाया जाए।

### सरकार की निरंकुशता पर लगेगी रोक

**रेवाड़ी।** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने कहा कि लोकसभा चुनावों में पीएम मोदी की नीतियों का खुलकर विरोध हो चुका है। जिस तरह का जनादेश एनडीए को मिला है, उससे निरकुशता से सरकार चलाने पर अंकुश लग सकेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा और पीएम मोदी के कांग्रेस मुक्त भारत के सपनों को देश की जनता ने चूर कर दिया है। कांग्रेस की झोली में जनता ने 99 सीटें डालकर मोदी और भाजपा के सपने को चूर कर दिया है। अब मोदी सरकार मनमाने ढंग से फैसले नहीं ले सकेगी।

### बाल भवन कोसली में ग्रीष्मकालीन शिविर 10 से

**कोसली।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की ओर से कोसली स्थित उपमंडल बाल भवन में 10 जून से ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जाएगा। परिषद की कार्यक्रम अधिकारी पिंकी दलाल ने बताया कि दो माह तक चलने वाले शिविर में बच्चे निःशुल्क प्रशिक्षण लेकर अपनी डांस प्रतिभा को निखार पाएंगे। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे मिनी बाल भवन कोसली में 9 जून तक पंजीकरण करा सकते हैं। शिविर का समय शाम 4 बजे से 6 बजे तक होगा। शिविर के प्रत्येक प्रतिभागी को प्रमाण पत्र दिया जाएगा।



## स्वास्थ्य विभाग की ओर से दो माह में 59 लोगों को थमाए गए नोटिस

# फिर आया डेंगू का केस, टीमों ने दो माह में पौने दो लाख मकान किए सर्च

- स्वास्थ्य विभाग की टीम लोगों को जागरूक करने के साथ कर रही लार्वा की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भीषण गर्मी के चलते इस बार मच्छरों का प्रकोप कम बना हुआ है। आगामी बरसात के सीजन में मच्छरों की संख्या बढ़ने से डेंगू व मलेरिया बीमारी का खतरा बढ़ जाएगा जिले में अब तक डेंगू का के चार पॉजिटिव केस मिल चुके है।

मौहल्ला रामसिंह पुरा में डेंगू का चौथा मामला मिला है। जिले में चौबीस दिन बाद फिर से डेंगू ने दस्तक दी है। 6 मई को गांव डहीना, 8 मई को शहर के यादव नगर व 12 मई को गांव गाजी गोपालपुर में डेंगू का तीसरा केस मिल चुका है। इस बार जिले में डेंगू मई में ही एक्टिव हो गया है। गत वर्ष डेंगू का पहला केस 27 जुलाई को आया था। स्वास्थ्य विभाग की ओर से भी पहले ही डेंगू-मलेरिया की रोकथाम के लिए पूरे प्रयास किए जा रहे है। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने अब तक शहरी व ग्रामीण इलाकों में 80 हजार से अधिक मकानों में सर्च अभियान चलाकर लार्वा की जांच की है।

स्वास्थ्य निरीक्षकों की टीम घरों में कूलर, पानी की टंकी, फ्रिज की ट्रे व पशुओं की खेल सहित आसपास ठहरे पानी में लार्वा की जांच कर रही है। लार्वा मिलने पर अप्रैल व मई माह में 59 लोगों को नोटिस भी थमाए जा चुके है।




रेवाड़ी। पानी के ड्रम में लार्वा की जांच करते स्वास्थ्यकर्मी तथा पानी की होदी में लार्वा की जांच करते स्वास्थ्य कर्मी। फोटो : हरिभूमि

### सभी तरह का बुखार डेंगू नहीं होताः सीएमओ



जिले में इस सीजन में डेंगू के चार केस सामने आ चुके हैं। जिला मलेरिया विभाग की ओर से शहरी व ग्रामीण इलाकों में जागरूकता अभियान चलाकर घरों में लार्वा मिलने पर नोटिस थमाए जा रहे हैं। यदि इन स्थानों पर दोबारा लार्वा मिलता है तो इनका चालान किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जहां पर केस आए हैं वहां फोगिंग भी कराई जा चुकी है। मच्छर प्रजनन स्थलों को चिंहित कर लोगों को मच्छर प्रजनन रोकने के उपायों के बारे में जानकारी दी जा रही है। सभी तरह का बुखार डेंगू नहीं होता है। बुखार होने पर बिना समय गंवाए डॉक्टर से संपर्क करें और जांच कराएं। चिकित्सक का उचित परामर्श लेकर ही दवाईयां लें।

**- डॉ सुरेन्द्र यादव**, सिविल सर्जन, रेवाड़ी

### लार्वा मिलने पर 59 को दिए गए नोटिस

गत वर्ष जिले में 403 डेंगू व 9 मलेरिया के केस मिले थे। इस बार अभी तक चार डेंगू के पॉजिटिव मिले है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डेंगू-मलेरिया की रोकथाम के लिए अप्रैल व मई माह में 1 लाख 73 हजार 500 घरों में सर्च अभियान चलाया गया है, जिसमें दो माह में 59 लोगों को लार्वा मिलने पर नोटिस थमाए गए है। टीम की ओर से 3143 कूलर, 36254 पानी के टैंक, 22054 पानी की होदी, 45371 गमले तथा घरों के आसपास 12479 जगह जमा पानी में लार्वा की जांच की गई है। इसके अलावा 34258 जगह टायर्स, फ्रीज-ट्रे व अन्य जगहों पर पानी में लार्वा की जांच की गई। जिले अब तक 3000 एमएल टेमीपास की दवाई भी डाली जा चुकी है।

#### डेंगू व मलेरिया के लक्षण

मलेरिया अधिकारी डॉ अमित यादव व मलेरिया हेल्थ इंस्पेक्टर विरेन्द्र सिंह ने बताया कि डेंगू एडीज मच्छर के काटने से होता है। यह मच्छर दिन में काटता और स्थिर एवं साफ पानी में पनपता है। बुखार व सिरदर्द, मांसपेशियों, हड्डियों व जोड़ो में दर्द, जी मिचलाना, उल्टी लगना, आंखो में आसपास दर्द, ग्रंथियो में सूजन व स्किन पर लाल चकते हैं तो तुरंत अलर्ट होने की जरूरत है यह डेंगू के लक्षण है। मलेरिया में मरीज के सिर दर्द होना, शरीर में कंपन, ठंड लगना, थकान, बुखार आना, उल्टी होना, जी मिचलना, चक्कर आना प्रमुख कारण हैं। इन लक्षणों के साथ यदि तेज बुखार हो तो अपना इलाज कराएं।

## होली चाइल्ड स्कूल के छात्रों ने नीट परीक्षा में रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

देशभर में आयोजित नीट मेडिकल प्रवेश परीक्षा में होली चाइल्ड स्कूल के 10 छात्रों ने सफलता प्राप्त कर स्कूल को गौरवांन्वित किया है। परीक्षा में वंश बंसल ने 720 में से 680 अंक, भानू प्रसाद ने 643, कुमारी संचिता ने 634, शान्तनु ने 634, अनामिका ने 629, स्नेहा ने 610, राहुल ने 603, नियति ने 595, सुरक्षा ने 590 तथा मानव ने 572 अंक प्राप्त कर स्कूल के साथ अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल प्रबंधन, अध्यापकों के उचित मार्गदर्शन एवं अपने माता-पिता के सहयोग को दिया है। इस उपलब्धि पर स्कूल निदेशक अनिरुद्ध सचदेवा ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके सफल और उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि स्कूल के 45 वर्ष के सफर में असंख्य छात्र मेडिकल, इंजीनियरिंग और वाणिज्य के क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर देश-विदेश में अपने क्षेत्र और स्कूल का परचम लहरा रहे है।



वंश बंसल



भानू प्रसाद



संचिता



शान्तनु

## समिति ने मौसमी फल बांटकर लोगों को गर्मी में दी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

आम जन विकास सेवा समिति की ओर से बुधवार को भीषण गर्मी में राहगीरों को तरबूज व खरबूजे खिलाकर राहत दी गई। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शर्मा व पूर्व सरपंच राजेन्द्र प्रसाद झाडोदिया ने बताया की संस्था की ओर से पिछले पांच वर्षो से अनेक सामाजिक कार्य किए जा रहे है ताकि समाज का कल्याण हो सकें। उदयभान डागर व गोपाल ने कहा कि संस्था की ओर से कोसली मंडी तरबूज व खरबूजे बांटकर लोगों को देशी खाद का उपयोग कर खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सुनील गर्ग ने कहा कि संस्था समाजिक कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहती है। सभी को समाजसेवी संस्था के कार्यो में योगदान देना चाहिए ताकि ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंदों का भला हो सकें। इस मौके पर समाजसेवी देव भारद्वाज, सन्नी कुमार व उप सचिव शिवनारायण पूनिया मौजूद थे।



रेवाड़ी। कोसली मंडी में तरबूज व खरबूजा बांटते संस्था सदस्य।

# पर्यावरण दिवस पर सिटी थाने में किया पौधरोपण

## थाना प्रबंधक ने कहा सभी को पौधरोपण करने तथा इनकी देखभाल करने का प्रण लेना चाहिए

- अगर समय पर सावधानी नहीं बरती गई तो धरती से जीवन समाप्त हो जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर यंगमैंस एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित स्वामी, थाना शहर प्रभारी सुरेन्द्र सिंह तथा संस्था के सदस्यों ने थाना परिसर में पौधरोपण किया।

इस अवसर पर अमित स्वामी ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण ही जीवन का आधार है। औद्योगिक, आधुनिकीकरण व कंक्रीट के जंगल बनाने के कारण हम अपने जीवन के आवरण, स्वच्छ पर्यावरण को पेड़ों की कटाई, रसायनिक प्रदूषण करके पर्यावरण को प्रदूषित कर रहे हैं, जो कि बहुत ही चिंतनीय विषय है। अगर समय पर सावधानी नहीं बरती गई तो धरती से जीवन समाप्त हो जाएगा।

थाना प्रबंधक ने कहा कि पौधारोपण कार्य बहुत ही आवश्यक है। सभी को पौधारोपण करने तथा इनकी देखभाल करने का प्रण लेना चाहिए। इस अवसर पर थाना शहर उप निरीक्षक सुरेश कुमार, ऑटो मार्के प्रधान ईश्वर सोनी, सचिव देशराज सिंह, सोनू यादव, अजीत सैनी, नितिन, हेमन्त, राहुल, विनोद कुमार, अवधेश, नरेश खिच्ची, गौरव सैनी, धर्मवीर व लोकेश उपस्थित थे।



रेवाड़ी। सिटी थाना परिसर में पौधारोपण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### पौधे लगाकर नियमित रूप से देखभाल करने की अपील

**रेवाड़ी।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी दयाराम आर्य के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ पेड़-पौधों को पानी देकर उनकी निलाई-गुड़ाई की गई। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करना है। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाकर नियमित रूप से देखभाल करने अपील की। अध्यापक मुकेश कुमार ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन के लिए खतरनाक पॉलीथिन या प्लास्टिक जैसे पदार्थों का उपयोग बंद कर इको फ्रेंडली पदार्थों को दैनिक जीवन में उपयोग में लाया जाए। आज पर्यावरण प्रदूषण वैश्विक संकट बनता जा रहा है, जिसके प्रति लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है। इस अवसर पर अध्यापक रविंद्र कुमार सैनी, नरेंद्र सिंह, प्रिया देवी, प्रवीण कुमार, चंद्रपाल सहित सुकन्या, डिंपी वर्मा, रिया, वंशिका व निशा मौजूद थी।



रेवाड़ी। पौधों में पानी देते हुए आर्य व अन्य।





### जब सूखने लगा राजा साहब का खून

बीते मंगलवार को जिस समय लोकसभा चुनाव परिणाम आने लगे, उस समय राजा साहब को शायद पहली बार अहसास हुआ कि दूरी बनाना सिर्फ नेताओं का ही काम नहीं है। जब जनता दूरी बनाने लगती है, तो अच्छे-अच्छों की हालत पतली हो जाती है। गुरूग्राम सीट के परिणाम आने शुरू हुए तो दोपहर डेढ़ बजे तक राजा साहब को एक बार भी विरोधी पर बढ़त नहीं मिली। राजा साहब का खून सूखने लगा। बीपी लो होना शुरू हो गया। आखिरकार दोपहर बाद उस समय जान में जान आनी शुरू हुई, जब विरोधी पर बढ़त का दौर शुरू हुआ। खैर, कुल मिलाकर वह चुनाव तो जीत गए, लेकिन भविष्य के लिए सबक अच्छा मिल गया।

### दलित समाज से पंगा ले गए राव साहब

गुरूग्राम में पड़ गिरकर राव साहब ने आखिर जीत का मैदान मार लिया। जान में जान आते ही एक बार फिर अपनी बेबाकी से वह दलित समाज पर बिना नाम लिए बड़ा निशाना साध गए। डॉक्टर साहब को ही इसका साक्षी बनाकर बोल दिया कि गुरूग्राम और हरियाणा में ही नहीं, बल्कि पूरे देश में समुदाय विशेष ने भाजपा को बड़ा नुकसान पहुंचाया। यह कहते समय वह भूल गए जिस डॉक्टर साहब से हुंकार भरवा रहे हैं, उनके कड़े प्रयासों से ही तमाम विरोध के बावजूद बावल में अच्छे वोट मिल पाए हैं। बाजी लोकसभा चुनावों के साथ ही खत्म नहीं हुई है। अभी विधानसभा चुनाव भी आने वाले हैं। इस तरह के बोल भविष्य में घाटे का सौदा साबित हो सकते हैं।

### जीत के बावजूद जश्न का माद्दा नहीं

लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद भाजपा प्रत्याशी की बड़ी जीत की संभावनाओं के साथ बड़ा जश्न मनाने की तैयारी में जुटे राव इंद्रजीत सिंह समर्थकों को बड़ा झटका लग गया। जीत का अंतर लाखों से सिमटकर हजारों में आने व हार से बाल-बाल बचने के बाद समर्थक खुलकर जश्न भी नहीं मना पाए। उन्हें इस बात का यकीन था कि दो हलकों में जीत का अंतर कुछ कम हो जाता, जो बाजी हाथ से आसानी से निकल सकती थी। जीत के जश्न की तैयारी तो बड़ी की हुई थी, परंतु समर्थक मुश्किल से मिली जीत से निराश नजर आ रहे थे। परिणाम आने तक उनके दिल के अरमान मायूसी के आंसुओं में बहने लग गए थे। संतोष इसी बात पर रहा कि आखिर लाज तो बची।

### बड़बोले नेताओं की जुबान पर लटके ताले



भाजपा के पास ऐसे बड़बोले नेताओं की कमी नहीं है, जो चुनाव के आसपास खुलकर बयानबाजी करने से बाज नहीं आते। चुनावों के दौरान और परिणाम आने के बाद यह नेता कुछ न कुछ ऐसा जरूर बोलते रहते हैं, जो विवाद का कारण बन जाता है। इस बार इनमें से कई नेताओं की लोकसभा चुनावों के दौरान कोई पूछ नहीं हुई। प्रचार में शामिल होने का किसी ने बुलावा तक नहीं दिया। घरों में दुबके रहकर ही दूसरों से हालात जानते रहे। कामना यही कर रहे थे कि अबकी बार हो अपने प्रत्याशी की हार। परिणाम आने शुरू हुए तो हौसला भी बढ़ा, परंतु बाद में बाजी पलट गई। अब इन बड़बोले नेताओं की जुबान पर पूरी तरह ताले लटके दिखाई दे रहे हैं।

### कोसली के मतदाताओं ने चुकता किया हिसाब

बिल्ली के भागों बार-बार छीका नहीं टूटता है। सांसद बनने के बाद शर्माजी को यह मुगालता हो गया था कि इस हलके के लोग जातिगत मजबूरी के चलते एक बार फिर से एकजुट होकर पक्ष में मतदान करेंगे। पूरे पांच साल में हलके के दूर-दराज के गांवों में शर्माजी लोगों को सूरत तक नहीं दिखाने पहुंचे थे। हलके के लोगों में यह टीस लगातार बढ़ रही थी। आखिरकार पांच साल बाद मौका हाथ में आया। मतदाताओं ने भी इसे जाया नहीं जाने दिया। वोट की चोट से शर्माजी को ताकत का अहसास कराया। साथ ही यह संदेश भी दे दिया कि मतदान के दौरान जातिगत हित कोई मायने नहीं रखते। अब शर्माजी को आराम करने का मौका दे दिया है।

### जो टिकट की हसरत आए उनका क्या होगा...

अबकी बार-चार सौ पार...के नारे से अभिभूत होकर भाजपा में उज्जवल भविष्य की कामना और टिकट की उम्मीद के आए थे। यह लग रहा था कि बदले हुए हालात में पार्टी में टिकट के असली दावेदार ही वही होंगे। लोकसभा चुनाव परिणाम ने उनके अरमानों पर पानी फेर दिया है। पार्टी में शामिल होने के बाद अपनी पार्टी के प्रत्याशी की खिलाफत करना उनके लिए महंगा साबित होने जा रहा है। टिकट और पद तो दूर की बात, उन्हें बाहर का रास्ता भी दिखाया जा सकता है। ऐसे नेताओं के लिए घर वापसी के चांस भी नहीं हैं, क्योंकि पहले भी उनके पास कोई ठिकाना नहीं था। अब असमंजस में फंस गए कि जाएं तो जाएं कहां।

## खुशी ने नीट परीक्षा में पाई सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली



कोसली स्टेशन क्षेत्र निवासी रमेश सिंगला की बेटी खुशी सिंगला ने नीट यूजी की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 720 में से 700 अंक प्राप्त करके अपने माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। खुशी की दो बड़ी बहने पहले ही एमबीबीएस कर रही हैं। तीनों बहने विवेकानंद सीनियर सैकेंडरी स्कूल की छात्राएं रही हैं तथा उन्होंने यह सफलता स्कूल में पढ़ते हुए बिना किसी कोचिंग के प्राप्त की है। खुशी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों व अपने माता पिता को दिया है।

## नीट में आरपीएस के 145 विद्यार्थियों ने 600 से अधिक अंक हासिल कर नया कीर्तिमान रचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेन्द्रगढ़

एनटीए द्वारा घोषित नीट परीक्षा परिणाम में आरपीएस समूह के छात्र रितेश शर्मा ने 720 में से 715 अंक प्राप्त कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया हैं। आरपीएस संस्था के 145 विद्यार्थियों ने 600 से अधिक अंक हासिल किए हैं। रितेश शर्मा के अलावा स्कूल के छात्र साहिल, धुरवांशु, अनुज व राव राघव ने 705 अंक, उपेन्द्र ने 700 अंक, विनायक ने 695 अंक, पायल ने 693, कल्पना व दुर्गेश ने 690 अंक लेकर आरपीएस के साथ-साथ, पूरे हरियाणा प्रदेश का नाम पूरे देश में रोशन किया है। इस परीक्षा परिणाम पर आरपीएस विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, संस्था के सीईओ इंजी. मनीष राव, व सभी प्रधानाचार्यों व समस्त प्राध्यापकों ने सभी चयनित बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि आरपीएस एक ऐसा मंच है जहां पर हर बच्चे की प्रतिभा को तराश कर उन्हें उनके लक्ष्य तक पहुंचाने का काम अभिभावकों के विश्वास के अनुरूप किया जा रहा है। यह सब अभिभावकों के विश्वास का ही परिणाम है कि आज उनके बच्चे हर क्षेत्र में अव्वल भूमिका में नजर आ रहे हैं। संस्था के सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि आज अभिभावक शिक्षा के प्रति काफी जागरूक हैं, संस्था उनके सपनों को साकार करने के लिए पूरे देशभर से अनुभवी शिक्षकों को संस्था से जोड़कर विद्यार्थियों को उनके लक्ष्य तक पहुंचने में कोई कमी नहीं छोड़ रही है।





महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### राप्रावि कहाड़ी का नाम भी अब शहीद के नाम पर किया गया

# कहाड़ी में शहीद ओमकार की मूर्ति का अनावरण

- मंच संचालन डा. नरेन्द्र यादव प्राचार्य रामपुरी ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बुधवार को शहीद ग्रेनेडियर ओमकार सिंह की मूर्ति का अनावरण राजकीय प्राथमिक विद्यालय कहाड़ी के सामने मैदान में किया गया। राजकीय प्राथमिक विद्यालय कहाड़ी का नाम भी अब शहीद ओमकार सिंह के नाम पर किया गया है। शहीद ओमकार सिंह ऑपरेशन रक्षक के दौरान 22 ग्रेनिडियर जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में कार्यरत थे। इस दौरान बॅटालियन की ओर से ऑपरशन चरारे शरीफ लान्च किया गया। 2 अगस्त 1994 को तलाशी के दौरान उग्रवादियों के एक मकान में छिपे होने का पता चला, जहां से उन्होंने जवानों पर हथगोला फेंका और अधांधुध फायरिंग की। ओमकार सिंह ने दो आंतकवादियों को मार गिराया। इस दौरान उनके पेट व सीने में गोली लगी, लेकिन उन्होंने घायल अवस्था में भी मुकाबला किया और अदम्य साहस का परिचय देते हुए वीरगति को प्राप्त हुए।

कार्यक्रम में 22 ग्रेनेडियर रजिमेंट की ओर से सुबेदार महेन्द्रपाल ने शहीद वीरांगना लाजवंती यादव को शॉल देकर सम्मानित किया तथा सुबेदार शेरसिंह, हवलदार सुरेन्द्र कुमार, नायक कालूराम, लांसनायक विकास कुमार व श्याम सुंदर के साथ मूर्ति का अनावरण करके पुष्प चक्र अर्पित किया। मिशन में सहयोगी रहे पूर्व नायक तुलाराम कैप्टन देवदत्त ने पुलवामा घटना को सुनाकर ओमकार सिंह के साहस व वीरता की प्रशंसा की। इस मौके पर हवलदार देवीराम, पूर्व नायक देवीराम, पूर्व हवलदार सुनील, पूर्व हवलदार नरेश कुमार, मदनलाल, कैप्टन रामकुमार, वीर चक्र नंदलाल, गांव के सरपंच प्रतिनिधि पोहप सिंह, लाला सिह, श्योताज सिंह, गडसीराम बोहरा उपस्थित थे। मंच संचालन डा. नरेन्द्र यादव प्राचार्य रामपुरी ने किया।





रेवाड़ी। शहीद ओमकार की मूर्ति का अनावरण करते हुए। फोटो : हरिभूमि